प्रादेशिक समाचार
दिनांक–14.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने आज बड़ी कार्रवाई की है। रांची और चाईबासा में 20 से अधिक ठिकानों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। ईडी ने आईएएस मनीष रंजन, मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स से जुड़े ठिकानों पर छापा मारा है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जल जीवन मिशन में अनियमितता से जुड़े मामले को लेकर यह कार्रवाई की गई है।

****

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री गुप्ता ने आरोप लगाया कि राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के इशारे पर यह कार्रवाई की जा रही है।

****

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य सभा सदस्य आदित्य साहू ने छापेमारी पर प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रवर्तन निदेशालय एक स्वतंत्र एजेंसी है जो जन शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीबों के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाओं की राशि की झारखंड में बंदर बांट की जा रही है।

****

विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों में बैठकों का दौर शुरु हो गया है। भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की एक बैठक आज रांची में हुई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पार्टी के चुनाव प्रभारी सह केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा भी इसमें शामिल हुए। बैठक के बाद चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक और पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए आज की बैठक काफी महत्वपूर्ण रही। इसमें चुनाव कार्ययोजना तैयार की गयी।

****

उधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा की आज रांची में पार्टी केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक हो रही है। रांची के सोहराय भवन में आयोजित बैठक में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी हिस्सा लेंगे। बैठक से पूर्व पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने कहा कि आज की बैठक में चुनाव को लेकर कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने आज कोविड–19 वैक्सीन के कारण रक्त के थक्के जमने जैसे दुष्प्रभावों का आरोप लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी फैलाने के लिए दायर की गई थी।

****

पलामू जिले में दशहरा मेला घूमकर लौट रही दो नाबालिग लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि फरार दो आरोपियों की तलाश जारी है। इधर, रांची में दुर्गा पूजा के दौरान एक युवक की हत्या मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली। उन्होंने राज्य की विधि– व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। इधर झामुमो की राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने भी पीड़ित परिजनों से मुलाकात की।

****

दुमका जिले में डोकरा क्राफ्ट से जुड़े कलाकारों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़न की पहल शुरु की गयी है।

****

राज्य का मौसम एक बार फिर बदल गया है। रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज दोपहर बाद बारिश हुई। मौसम विभाग ने 19 अक्तूबर तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसे लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

*******समाप्त*******